No. F-25-19-2010-X-3.—WHEREAS, by this department notification No. 1996 dated 17th April 1971 published in the Madhya Pradesh Gazette Part I, dated 10th December 1971, the State Government had under section 4 of the Indian forest Act, 1927 (No. XVI of 1927) declared its intention to constitute the land specified in the Schedule below as reserved forest,

AND, WHEREAS, all claims relating to the same have been disposed off by the forest Settlement officer appointed for the purpose and all other formalities required by law have been completed;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 20 of the Indian Forest Act, 1927 (No. XVI of 1927), the State Government hereby declares the land specified in the Schedule below to be a reserved forest with effect from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette :—

SCHEDULE

District-Sagar, Tehsil-Sagar, Division-South Sagar (Territorial), Range-Sagar

S. No.	Name of Forest			Area				Boundaries
	Name of forest Block	Name of Village	Present Category of lane	old Khasra No.	Area	New Khasra No.	Area (in hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Mochal	Mochal	Protacted Forest	**28/1**	**37.72** Acre or 15.26 Hectare	**15**	**15.26**	**North.**—Artificial cut line from Demarcated Pillar No. 8/28 to 13/33 of Village Mochal **East.**—Artificial cut line from Demarcated Pillar No. 13/33 to 19/39 of Village Mochal. **South.**—Artificial cut line from Demarcated Pillar No.19/39 to 1/21 of Village Mochal. **West.**—Artificial cut line from Demarcated Pillar No. 1/21 to 8/28 of Village Mochal.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

क्र. एफ 25-20-2010-दस-3.—चूंकि, राज्य स. कार ने मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग 1, भोपाल, दिनांक 21 मई 1971 में प्रकाशित इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 2026, दिनांक 17 अप्रैल 1971 द्वारा, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 4 के अधीन नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन बनाने का अपना आशय घोषित किया था.

और, चूंकि, उससे संबंधित समस्त दावे इस प्रयोजन के लिये नियुक्त किये गये वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा निपटाये जा चुके हैं और विधि द्वारा अपेक्षित अन्य समस्त औपचारिताएं पूर्ण की जा चुकी है.

अतएव, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 20 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को इस अधिसूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से आरक्षित वन घोषित करती है :—

अनुसूची

जिला—सागर, तहसील—सागर, डिविजन—उत्तर सागर (सामान्य), परिक्षेत्र—खुरई

क्र.	वन का नाम			क्षेत्रफल				सीमाऐं
	वनखण्ड का नाम	ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान स्वरूप	पुराना खसरा क्र.	क्षेत्रफल (एकड़ में)	नया खसरा क्र.	क्षेत्रफल (हेक्टर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	लोहरी	लोहर्रा	संरक्षित वन	162/1	60.45	337/1	24.65	**उत्तर**—आरक्षित वन की कृत्रिम सीमा रेखा मुनारा क्रमांक 1 से 6 तक.
				162/7	0.40	334/1	0.16	
				162/8	0.62	338	0.50	**पूर्व**—आरक्षित वन की कृत्रिम सीमा रेखा मुनारा क्रमांक 6 से 9 तक.
				162/4	1.05			
					62.52 एकड़ या 25.31 हेक्टर.		25.31	**दक्षिण**—आरक्षित वन की कृत्रिम सीमा रेखा मुनारा क्रमांकं 9 से 16 तक.
								पश्चिम—आरक्षित वन की कृत्रिम सीमा रेखा मुनारा क्रमांक 16 से 17 तक एवं 1 तक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

फा. क्र. एफ. 25-20-2010-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ. 25-20-दस-3-2010, दिनांक 14 मई 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal, the 14th May 2010

No. F-25-20-2010-X-3.—WHEREAS, by this department notification No. 2026 dated 17th April 1971 published in the Madhya Pradesh Gazette Part I, dated 21st May 1971 the State Government had under section 4 of the Indian forest Act, 1927 (No. XVI of 1927) declared its intention to constitute the land specified in the Schedule below as reserved forest,

AND, WHEREAS, all claims relating to the same have been disposed off by the forest Settlement officer appointed for the purpose and all other formalities required by law have been completed;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 20 of the Indian Forest Act, 1927 (No. XVI of 1927), the State Government hereby declares the land specified in the Schedule below to be a reserved forest with effect from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette :—

SCHEDULE

District-Sagar, Tehsil-Sagar, Division-North Sagar (Territorial), Range-Khurai

S. No.	Name of Forest			Area				Boundaries
	Name of forest Block	Name of Village	Present Category of lane	old Khasra No.	Area	New Khasra No.	Area (in hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Lohri	Loharra	Protected Forest	162/1 162/7 162/8 162/4	60.45 0.40 0.62 1.05	337/1 334/1 338	24.65 0.16 0.50	**North.**—Artificial Forest Boundary line from Pillar No. 1 to 6 of Reserved forest block. **East.**—Artificial Forest Boundary line from Pillar No. 6 to 9 of Reserved forest block. **South.**—Artificial Forest Boundary line from Pillar No. 9 to 16 of Reserved forest block. **West.**—Artificial Forest Boundary line from Pillar No. 16 to 17 and 1 of Reserved forest block.
					62.52 Acre 25.31 Hect.		25.31 Hect.	

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

क्र. एफ-25-22-2010-दस-3.—चूंकि, राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग 1, भोपाल, दिनांक 18 जून 1971में प्रकाशित इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 2006, दिनांक 17 अप्रैल 1971 द्वारा, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 4 के अधीन नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन बनाने का अपना आशय घोषित किया था.

और, चूंकि, उससे संबंधित समस्त दावे इस प्रयोजन के लिये नियुक्त किये गये वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा निपटाये जा चुके हैं और विधि द्वारा अपेक्षित अन्य समस्त औपचारिताएं पूर्ण की जा चुकी है.

अतएव, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 20 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को इस अधिसूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से आरक्षित वन घोषित करती है :—

अनुसूची

जिला—सागर, तहसील—देवरी, वन मंडल—नौरादेही (वन्यप्राणी) सागर, वन परिक्षेत्र—नौरादेही

क्र.	वन का नाम			क्षेत्रफल				सीमाऐं
	वनखण्ड का नाम	ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान स्वरूप	पुराना खसरा क्र.	क्षेत्रफल	नया खसरा क्र.	क्षेत्रफल (हेक्टर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	पुटदेही	पुटदेही	वडा झाड संरक्षित वन	1/1	27.87 एकड़ या 11.27 हेक्टर	1.	11.27	**उत्तर, पश्चिम**—भैंसवाही आरक्षित वन सीमा स्तम्भ क्रमांक 1 से 15 तक.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
								पूर्व—कृत्रिम कटी सीमा रेखा ग्राम पुटदेही के सर्वे स्तम्भ क्रमांक 15 से 2 तक. **दक्षिण**—कृत्रिम कटी सीमा रेखा ग्राम पुटदेही के सर्वे स्तम्भ क्रमांक 2 से 1 तक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

फा. क्र. एफ. 25-22-2010-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ. 25-22-दस-3-2010, दिनांक 14 मई 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal, the 14th May 2010

No. F-25-22-2010-X-3.—WHEREAS, by this department notification No. 2026 dated 17th April 1971 published in the Madhya Pradesh Gazette Part I, dated 18th June 1971 the State Government had under section 4 of the Indian forest Act, 1927 (No. XVI of 1927) declared its intention to constitute the land specified in the Schedule below as reserved forest,

AND, WHEREAS, all claims relating to the same have been disposed off by the forest Settlement officer appointed for the purpose and all other formalities required by law have been completed;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by subsection (1) of Section 20 of the Indian Forest Act, 1927 (No. XVI of 1927), the State Government hereby declares the land specified in the Schedule below to be a reserved forest with effect from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette :—

SCHEDULE

District-Sagar, Tehsil-Deori, Forest Division-Noradehi (Wild life), Sagar Forest Range-Noradhi

S. No.	Name of Forest			Area				Boundaries
	Name of forest Block	Name of Village	Present Category of lane	old Khasra No.	Area	New Khasra No.	Area (in hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Putdehi	Putdehi	Barha Jharh Protected Forest	**1/1**	**27-87** Acre or 11-27 Hectare	**1**	**11.27** Hect.	**North, West**—Bhaisvahi Reserved cn81 Forest Boundary from Pillar No. 1 to 15. **East**—Artificial cut Boundary line from Survey Pillar No. 15 to 2 of Village Putdehi. **South**—Artificial cut Boundary line from Survey Pillar No. 2 to 1 of Village Putdehi.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

क्र. एफ-25-23-2010-दस-3.—चूंकि, राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग 1, भोपाल, दिनांक 6 अगस्त 1971 में प्रकाशित इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3592, दिनांक 24 जून 1971 द्वारा, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 4 के अधीन नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन बनाने का अपना आशय घोषित किया था.

और, चूंकि, उससे संबंधित समस्त दावे इस प्रयोजन के लिये नियुक्त किये गये वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा निपटाये जा चुके हैं और विधि द्वारा अपेक्षित अन्य समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं.

अतएव, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 20 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को इस अधिसूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से आरक्षित वन घोषित करती है :—

अनुसूची

जिला—सागर, तहसील—केसली, डीवीजन—दक्षिण सागर, परिक्षेत्र—केसली

क्र.	वन का नाम			क्षेत्रफल				सीमाऐं
	वनखण्ड का नाम	ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान स्वरूप	पुराना खसरा क्र.	क्षेत्रफल (एकड़ में)	नया खसरा क्र.	क्षेत्रफल (हेक्टर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	सागौनी सुहागपुर (उत्तर)	सगौती	संरक्षित वन	1	12.80 एकड़ या 5.17 हैक्टर	1	1.93	**उत्तर**—कृत्रिम कटी सीमा रेखा ग्राम सागौनी सुहागपुर के सर्वे स्तम्भ क्रमांक 10 से 1 तक. **पूर्व**—कृत्रिम कटी सीमा रेखा ग्राम सागौनी सुहागपुर के सर्वे स्तम्भ क्रमांक 1 से 3 तक. **दक्षिण**—कृत्रिम कटी सीमा रेखा ग्राम सागौनी सुहागपुर के सर्वे स्तम्भ क्रमांक 3 से 9 तक. **पश्चिम**—आरक्षित वन क्रमांक 1004 गौरझामर के सीमा स्तम्भ क्रमांक 9 से 10 तक.
						4/1	0.27	
						4/3	0.05	
						5	0.83	
						6	0.10	
						7	0.06	
						8	0.13	
						9	0.30	
						15/2	0.39	
						87	0.80	
						93	0.31	
					योग . .	11	5.17	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

क्र. एफ-25-23-2010-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-25-23-दस-3-2010, दिनांक 14 मई 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal, the 14th May 2010

No. F-25-23-2010-X-3.—WHEREAS, by this department notification No. 3592 dated 24th June 1971 published in the Madhya Pradesh Gazettet Part I, dated 6th August 1971 the State Government had under section 4 of the Indian forest Act, 1927 (No. XVI of 1927) declared its intention to constitute the land specified in the Schedule below as reserved forest,

AND, WHEREAS, all claims relating to the same have been disposed off by the forest Settlement officer appointed for the purpose and all other formalities required by law have been completed;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 20 of the Indian Forest Act, 1927 (No. XVI of 1927), the State Government hereby declares the land specified in the Schedule below to be a reserved forest with effect from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette :—

SCHEDULE

District—Sagar, Division—South Sagar, Tehsil—Sagar, Range—Sagar

S. No.	Name of Forest			Area				Boundaries
	Name of forest Block	Name of Village	Present Category of lane	old Khasra No.	Area	New Khasra No.	Area (in Hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Saagoni Suhagpur (North)	Saagoni Suhagpur (North)	Protected Forest	1	12.80 Acre or 5.17 Hect.	1	1.93	**North**—Artificial Cut Boundaries line from Survey Pillar No. 10. to 1 of Village Sagoni Sughapur. **East**—Artificial Cut Boundaries line from Survey Pillar No. 1 to 3 of Village Sagoni Suhagpur. **South**—Artificial Cut Boundaries line from Survey Pillar No. 3 to 9 of Village Sagoni Suhagpur. **West**—Reserve Forest C.No. 1004 Gorjhamar Boundary from Pillar No. 9 to 10.
						4/1	0.27	
						4/3	0.05	
						5	0.83	
						6	0.10	
						7	0.06	
						8	0.13	
						9	0.30	
						15/2	0.39	
						87	0.80	
						93	0.31	
						11	5.17	

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

क्र. एफ-25-24-2010-दस-3.—चूंकि, राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग 1, भोपाल, दिनांक 4 जून 1971 में प्रकाशित इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 2957, दिनांक 18 मई 1971 द्वारा, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 4 के अधीन नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन बनाने का अपना आशय घोषित किया था.

और, चूंकि, उससे संबंधित समस्त दावे इस प्रयोजन के लिये नियुक्त किये गये वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा निपटाये जा चुके हैं और विधि द्वारा अपेक्षित अन्य समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं.

अतएव, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 20 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को इस अधिसूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से आरक्षित वन घोषित करती है :—

अनुसूची

जिला—सागर, तहसील—रहली, वनमंडल—नौरादेही (वन्यप्राणी) वनमंडल सागर, परिक्षेत्र—मोहली

क्र.	वन का नाम			क्षेत्रफल				सीमाऐं
	वनखण्ड का नाम	ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान स्वरूप	पुराना खसरा क्र.	क्षेत्रफल	नया खसरा क्र.	क्षेत्रफल (हेक्टर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	गुड़ाखुर्द	गुड़ाखुर्द	संरक्षित वन	184 183	197.29 0.75	173	80.17	**उत्तर**—कृत्रिम कटी हुई सीमा रेखा ग्राम गुड़ाखुर्द के सर्वे स्तंभ क्रमांक 10/10 से 12/12 तक. **पूर्व**—कृत्रिम कटी सीमा रेखा ग्राम गुड़ाखुर्द के सर्वे स्तंभ क्रमांक 12/12 से 24/24 तक. **दक्षिण**—बलेह आरक्षित वन सीमा स्तंभ क्रमांक 24/24 से 31/31 तक. **पश्चिम**—कृत्रिम कटी सीमा रेखा ग्राम गुड़ाखुर्द के सर्वे स्तंभ क्रमांक 31/31 से 8/8 तक व गुड़ाखुर्द (नाला) सीमा स्तंभ क्रमांक 8/8 से 10/10 तक.
				योग .	198.04 एकड़ या 80.17 हेक्टर		80.17	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

क्र. एफ-25-24-2010-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-25-24-दस-3-2010, दिनांक 14 मई 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal, the 14th May 2010

No. F-25-24-2010-X-3.—WHEREAS, by this department notification No. 2957 dated 18th May 1971 published in the Madhya Pradesh Gazette, Part I, dated 4th June 1971 the State Government had under section 4 of the Indian forest Act, 1927 (No. XVI of 1927) declared its intention to constitute the land specified in the Schedule below as reserved forest,

AND, WHEREAS, all claims relating to the same have been disposed off by the forest Settlement officer appointed for the purpose and all other formalities required by law have been completed;

Now, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 20 of the Indian Forest Act, 1927 (No. XVI of 1927), the State Government hereby declares the land specified in the Schedule below to be a reserved forest with effect from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette :—

SCHEDULE

District—Sagar, Tehsil—Garhakota, Division—Noradehi (Wild Life Sagar), Range—Mohli

S. No.	Name of Forest			Area				Boundaries
	Name of forest Block	Name of Village	Present Category of lane	Old Khasra No.	Area	New Khasra No.	Area (in Hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Gurhakhurd	Gurhakhurd	Protected Forest	184 183	197.29 0.75	173	80.17	**North**—Artificial Cut line from Demarcated Pillar No. 10/10 to12/12 of Village Gurhakhurd. **East**—Artificial Cut line from Demarcated Pillar No. 12/12 to 24/24 of Village Gurhakhurd. **South**—Reserve Forest Demarcated from Pillar No.24/24 to 31/31. **West**—Artificial Cut from Demarcated Pillar No.31/31 to 8/8 and Gurhakhurd (Nala) Dermarked Pillar No. 8/8 to 10/10 of Village Gurhakhurd.
				Total	198.04 Acre or 80.17 Hectare			

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

क्र. एफ 25-27-2010-दस-3.—चूंकि, राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग 1, भोपाल, दिनांक 4 जून 1971 में प्रकाशित इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 2957, दिनांक 18 मई 1971 द्वारा, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 4 के अधीन नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को आरक्षित वन बनाने का अपना आशय घोषित किया था.

और, चूंकि, उससे संबंधित समस्त दावे इस प्रयोजन के लिये नियुक्त किये गये वन व्यवस्थापन अधिकारी द्वारा निपटाये जा चुके हैं और विधि द्वारा अपेक्षित अन्य समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं.

अतएव, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 20 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में

लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई भूमि को इस अधिसूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से आरक्षित वन घोषित करती है :—

अनुसूची

जिला—सागर, तहसील—रहली, डिवीजन—नौरादेही (व. प्रा.) सागर, परिक्षेत्र—मोहली

क्र.	वन का नाम			क्षेत्रफल				सीमाऐं
	वनखण्ड का नाम	ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान स्वरूप	पुराना खसरा क्र.	क्षेत्रफल (एकड़ में)	नया खसरा क्र.	क्षेत्रफल (हेक्टर में)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	पटना मजरुवा पश्चिम	पटना (मोहली)	संरक्षित वन	292	14.94 एकड़ या 06.04 हैक्टर	333	06.04	**उत्तर**—मोहली आरक्षित वन कक्ष क्र. 201 सीमा स्तंभ क्रमांक 1 से 6 तक. **पूर्व**—कृत्रिम कटी हुई सीमा रेखा ग्राम पटना (मोहली) के सर्वे स्तंभ क्रमांक 6 से 7 तक. **दक्षिण**—बमनई नदी सीमा स्तंभ क्रमांक 7 से 8 तक. **पश्चिम**—कृत्रिम कटी हुई सीमा रेखा ग्राम पटना (मोहली) के सर्वे स्तंभ क्रमांक 8 से 1 तक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 14 मई 2010

क्र. एफ-25-27-2010-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-25-27-दस-3-2010, दिनांक 14 मई 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal, the 14th May 2010

No. F-25-27-2010-X-3.—WHEREAS, by this department notification No. 2957 dated 18th May 1971 published in the Madhya Pradesh Gazette, Part I, dated 4th June 1971, the State Government had under section 4 of the Indian forest Act, 1927 (No. XVI of 1927) declared its intention to constitute the land specified in the Schedule below as reserved forest,

AND, WHEREAS, all claims relating to the same have been disposed off by the forest Settlement officer appointed for the purpose and all other formalities requ..ed by law have been completed;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 20 of the Indian Forest

Act, 1927 (No. XVI of 1927), the State Government hereby declares the land specified in the Schedule below to be a reserved forest with effect from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette :—

SCHEDULE

District—Sagar, Tehsil—Rahli, Division—Noradehi (W. L.) Sagar, Range—Mohli

S. No.	Name of Forest			Area				Boundaries
	Name of forest Block	Name of Village	Present Category of lane	Old Khasra No.	Area	New Khasra No.	Area (in Hectare)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Patna majruwa West	Patna (Mohali)	Protected Forest	292	14.94 Acre or 06.04 Hect.	333	6.04	**North**—Mohil Received Forest C. No. 201 Boundary from Piller No. 1 to 6. **East**—Artificial Cut Line Boundary of Village Patna (Mohli) From Demarcated Pillar No. 6 To 7. **South**—Natural Boundary at Bamnaee river from Demarcated Piller No.7 to 8. **West**—Artificial Cut line Boundary of Village Patna (Mohali) from Demarcated Pillar No. 8 To 1.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, मण्डला, मध्यप्रदेश

मण्डला, दिनांक 22 अप्रैल 2010

क्र. प.हे.-2010-227.—मण्डला जिले में संक्रामक रोग हैजा आंत्र-शोथ एवं अन्य बीमारियों के प्रभाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक होगा है, कि इस संसर्गिक बीमारियों के प्रादुर्भाव और फैलाव पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय लागू किये जाएं.

अतः, मैं, के. के. खरे, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, मण्डला आपत्तिजनक हैजा विनियम, 1983 के नियम 3 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण जिला मण्डला को अधिसूचित करता हूं तथा यह भी आदेश देता हूं कि :—

(क) अधिसूचित क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, उपचार गृहों, भोजनालयों, होटलों, जनता के लिए खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्माण करने या उसे प्रदाय के लिए ली गई स्थापना में विक्रय निर्मून्य, वितरण हेतु उपयोग में लाए गए स्थानों पर—

(1) बासी मिठाइयां, खराब वस्तुएं एवं सड़े-गले फलों, सब्जियों, मॉस, मछलियों, अण्डों की बिक्री बाधित रहेगी.

2.(क) ताजी मिठाईयां, नमकीन फल सब्जियों, दुग्ध, दही, उबली चाय, काफी, शर्बत, मांस, मछली, आईसक्रीम, कुल्फी आदि खाद्य पदार्थों बर्फ के लड्डू व चूसने वाले पदार्थ बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जावेंगे. इन्हें जालीदार ढक्कनों से ढककर अथवा कांच की बंद अलमारी अथवा पारदर्शी आवरण में ढककर इस प्रकार रखें कि मक्खी, मच्छर आदि विषाणु अथवा दूषित हवा से मानव उपयोग के लिये दूषित या अस्वास्थ्यकर अथवा अनुपयोगी न हो सकें.

(ख) इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में घोषित अधिसूचना में या क्षेत्र से बाहर कोई भी व्यक्ति इस आदेश की कण्डिका ''क'' (क) (2) में उल्लेखित वस्तुओं तथा तैयार कर एवं पकाये हुए भोजन को न तो लायेगा ना ही ले जायेगा.

(ग) इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में घोषित अधिसूचना क्षेत्र के किसी बाजार, भवन, दुकान स्टाल अथवा खाने-पीने की किसी भी वस्तु या निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थानों में प्रवेश करने विद्यमान ऐसी वस्तुओं की जांच पड़ताल करने तथा खाने-पीने की ऐसी वस्तुओं का जो मानव उपयोग के लिये अभिप्रेरित है और अन्य वस्तुओं के अधिग्रहण कराने, हटाने, नष्ट करने या ऐसी नीति के निवर्तन करने के लिये, जिसमें वह मानव द्वारा उपयोग में लाये जाने से रोका जा सकें. अधिसूचित क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित अधिकारियों को अधिकृत करता हूं :—

(1) जिले के समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी.
(2) जिले के ऐसे चिकित्सक पदाधिकारी जो सहायक चिकित्सा अधिकारी से पद के नीचे स्तर के ना हो तथा शासकीय वैध आयुर्वेद औषधालय.
(3) ऐसे आरक्षी पदाधिकारी जो प्रधान आरक्षक की श्रेणी से नीचे ना हो.
(4) मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्/नगर पंचायत, मण्डला/नैनपुर/बम्हनी.
(5) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत (सर्व) जिला मण्डला

उपरोक्त उल्लेखित पदाधिकारी अधिसूचित क्षेत्र में किन्हीं भी नालियों, नालों, गटरों, पानी के गड्ढे, पोखरों, जल कुण्डी, संक्रामक वस्त्रों, बिस्तरों, कूडा करकट अथवा किसी प्रकार की गंदगी हटाने उक्त संबंध में संचित रोगाणुनाशक पदार्थ का समुचित उपयोग करने के लिये आदेश दे सकेंगे.

यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा तथा आगामी 6 माह की अवधि या अन्य आदेश तक जो पहले हो, प्रभावशील होगा.

के. के. खरे, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला डिण्डौरी, मध्यप्रदेश

डिण्डौरी, दिनांक 27 अप्रैल 2010

क्र. 142-एस.सी.-2010-187.—डिण्डौरी जिले में संक्रामक रोग हैजा फैलने की संभावना के कारण तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक है कि इस संक्रामक बीमारी के फैलाव की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय तुरंत लागू किये जाएं.

अस्तु, मैं, बी. चन्द्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला डिण्डौरी (म. प्र.) आपत्तिजनक हैजा, ज्वर, आंत्रशोथ विनियम, 1983 के नियम 3 के अन्तर्गत यह शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए यह आदेश देता हूं कि:—

(अ) अधिसूचित क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, उपहार गृहों, भोजनालयों, होटलों में जनता के लिए खाद्य एवं पेय पदार्थ निर्माण कार्य करने या उनके प्रयोग करने के लिये कायम रखी गई स्थापना में विक्रय का निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये गये स्थानों पर :—

(1) बासी मिठाइयों तथा नमकीन वस्तुओं, सड़े-गले फलों व सब्जी, मांस, मछली, अण्डों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी.

(2) बासी मिठाइयां एवं नमकीन वस्तुओं, फल सब्जी, दूध, दही, उबली चाय, काफी, शरबत, मांस, मछली, अण्डों, कुल्फी, आईसक्रीम, आदि पदार्थ बर्फ के लड्डू व चूसने वाले तरल पदार्थ बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जाएंगे. उन्हें जालीदार ढक्कनों से ढंककर अथवा कांच के बंद शोकेस, बंद आलमारी अथवा पारदर्शी आवरण से ढंककर इस प्रकार रखें ताकि वे मक्खी, मच्छर आदि जन्तुओं या दूषित हवा से मानव उपयोग के लिए, दूषित या अस्वास्थ्यकारक या अनुपयोगी न हो सकें.

(ब) इस आदेश के द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अधिसूचित क्षेत्र के किसी बाजार, भवन, दुकान, स्टाल अथवा खाने-पीने की किसी भी वस्तु के विक्रय या निमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थान में प्रवेश करने, निरीक्षण करने, उसमें विद्यमान ऐसी वस्तु की जांच पड़ताल करने तथा खाने-पीने की ऐसी वस्तु का मानव उपयोग अभिप्रेत है और जो पदार्थ दूषित या अनुपयुक्त है, जो दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 95 व 165 में उल्लेख की गई रीति से पाई गई अस्वास्थ्यकारक दूषित व अनुपयुक्त वस्तुओं के अधिग्रहण कराने, हटाने व नष्ट करने या उसके ऐसी नीति से निवर्तन करने के लिए, जिससे वह मानव द्वारा उपयोग में लाये जाने से रोकी जा सके. अधिसूचित क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करता हूं :—

(1) समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला डिण्डौरी.

(2) चिकित्सक पदाधिकारी, जो सहायक चिकित्सा अधिकारी के पद के नीचे का न हो तथा शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय.

(3) ऐसे आरक्षी पदाधिकारी, जो प्रधान आरक्षक की श्रेणी से नीचे का न हो.

(4) मुख्य नगरपालिका अधिकारी.

(5) नगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक.

उपरोक्त उल्लेखित पदाधिकारी अधिसूचित क्षेत्र में किन्हीं भी नालो, नालियों, गटरों, पानी के गड्ढ़ों, पोखर, मलकुण्डों, संडासों, संक्रामक वस्त्रों, बिस्तरों, कूड़ा-करकट अथवा किसी भी प्रकार की गंदगी को हटाने, उक्त स्थान को स्वच्छ और रोग कीटाणुओं से उसको निवर्तन करने अथवा उसके संबंध में रोगाणुनाशक पदार्थ का समुचित उपयोग करने के लिए आदेश दे सकेंगे.

यह आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा तथा आगामी छः माह की अवधि या अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो प्रभावशील रहेगा.

बी. चन्द्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला देवास, मध्यप्रदेश

देवास, दिनांक 30 अप्रैल 2010

क्रमांक 316- ज.स्वा.-10.—देवास जिले में ग्रीष्म/वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों एवं पेयजल की शुद्धता के कारण संक्रामक रोग हैजा, आंत्रशोथ, पेचिस, पीलिया, मस्तिक ज्वर की संभावना तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपाय तुरंत लागू किये जावें.

अस्तु, मैं, पुष्पलता सिंह, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला देवास, मध्यप्रदेश आपत्तिजनक हैजा, ज्वर, आंत्रशोथ विनियम, 1979 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला देवास के सम्पूर्ण क्षेत्र को अधिसूचित क्षेत्र घोषित करती हूं तथा यह आदेश देती हूं कि:—

(1) अधिसूचित क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, उपहारगृहों, भोजनालयों, होटलों जनता के लिए खाद्य व पेय पदार्थ,

निर्माण कार्य करने या उनके प्रयोग करने के लिये कायम रखी गई स्थापना में विक्रय या निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये गये स्थानों पर :—

(क) बासी मिठाइयों तथा नमकीन वस्तुओं व सड़े-गले फल, सब्जियों, दूध, दही उबली हुई चाय, काफी, अण्डों की बिक्री प्रतिनिषिद्ध रहेगी.

(ख) बासी मिठाईयों व नमकीन वस्तुओं, फलों, सब्जियों, उबली हुई चाय, शर्बत, मांस, मछली, अण्डे, कुल्फी, आईसक्रीम, बर्फ के लड्डू, चूसने वाले पदार्थ बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जाएंगे. उन्हें जालीदार ढक्कनों अथवा कांच के बंद शोकेस में अथवा पारदर्शी आवरण से ढककर इस प्रकार रखा जावेगा कि वे मक्खी, मच्छर आदि कीटों या दूषित हवा से मानव उपयोग के लिए, दूषित अस्वास्थ्यकारक या अनुपयोगी न हो सकें.

(2) इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में घोषित अधिसूचित क्षेत्र में या बाहर के कोई भी व्यक्ति इस आदेश के चरण एक (क) एवं (ख) में उल्लेखित वस्तुओं तथा तैयार एवं पकाये गये भोजन को न तो लाएगा और न ही ले जाएगा.

इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अधिसूचित क्षेत्र के किसी भी बाजार, भवन, दुकान, स्टाल अथवा खाने-पीने की किसी भी वस्तु के विक्रय या निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थानों, प्रवेश करने, निरीक्षण करने, उसमें विद्यमान ऐसी वस्तु की जांच पड़ताल करने तथा खाने-पीने की ऐसी वस्तु के विक्रय का मानव उपयोग अभिप्रेत है और जो पदार्थ दूषित या अनुपयुक्त है, जो दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 95 व 165 में उल्लेख की गई रीति से पाई गई अस्वांस्थ्यकारक दूषित व अनुपयुक्त वस्तुओं का अधिग्रहण कराकर हटाने व नष्ट कर या ऐसी नीति से निवर्तन करने के लिए, जिससे वह मानव उपयोग में लाये जाने से रोकी जा सके जनहित में मध्यप्रदेश खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1962 के नियम 5 (5) के अंतर्गत खाद्य पदार्थों के विक्रय संग्रह एवं निर्माण हेतु जारी किये गये खाद्य लायसेंस और निलंबित और मध्यप्रदेश खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 की धारा 7 के अंतर्गत प्रतिबद्ध किये जायेंगे एवं न्यायालीन कार्यवाही की जावेगी. धारा 16 के तहत जिसमें दण्ड में सजा एवं जुर्माना का प्रावधान किया गया है. अधिसूचित क्षेत्र में कार्यवाही हेतु निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करती हूं. जो पृथक्-पृथक् एवं आवश्यकतानुसार सामूहिक रूप से कार्यवाही करेंगे :—

(1) जिले के समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी.
(2) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन-सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सा/खण्ड चिकित्सा अधिकारी.
(3) मुख्य नगरपालिका अधिकारी.
(4) मुख्य कार्यपालन अधिकारी/जिला पंचायत/जनपद पंचायत.
(5) नगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक.
(6) खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षक.

उपरोक्त उल्लेखित पदाधिकारी अधिसूचित क्षेत्र में किन्हीं भी नालियों, नालो, गटरों, पानी के गड्ढ़ों, पोखरों, मलकुण्डों, संडासों, संक्रामक वस्तुओं, बिस्तरों, कूड़ा-करकट अथवा किसी भी प्रकार की गंदगी को हटाने उक्त स्थान को स्वच्छ और रोग कीटाणु से उसका निवर्तन करने अथवा उसके संबंध में समुचित रोगाणुनाशक पदार्थ का समुचित उपयोग करने के लिए आदेश दे सकेंगे.

यह आदेश जारी होने के दिनांक से आगामी 6 माह की अवधि या अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो प्रभावशाली होंगे.

पुष्पलता सिंह, कलेक्टर एवं जिला दंण्डाधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला मंदसौर, मध्यप्रदेश

मंदसौर, दिनांक 3 मई 2010

क्र. 956-जियोसां-निर्वा.—मध्यप्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम, 1995 की धारा 3 के अनुसार एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि जिला मंदसौर की जिला योजना समिति के सदस्य के पद के लिए निम्नलिखित व्यक्ति निर्वाचित हुए हैं :—

क्र.	नाम पता सहित
(1)	(2)

(1) जिला पंचायत (ग्रामीण क्षेत्र से) :—

1.	श्री ओमसिंह भाटी, ग्राम हल्दुनी, पोस्ट भगोर, तहसील सीतामऊ
2.	श्रीमती कान्तीबाई भाटी, ग्राम बोलिया, तहसील गरोठ
3.	श्रीमती कुशालबाई निहालचन्द मालवीय, ग्राम धारियाखेड़ी, तह. मंदसौर
4.	श्रीमती केशरबाई अशोक निनामा, मकान नं. 671, अजनोटी, पो. नांदवेल, तह. दलोदा
5.	श्रीमती जशोदाबाई कछावा, ग्राम सेमली कांकड, तहसील सुवासरा
6.	श्री तेजपालसिंह शक्तावत, ग्राम धाकडी, पोस्ट बालागुढ़ा, तहसील मल्हारगढ़
7.	श्रीमती निर्मलाकुंवर रोडसिंह सोलंकी, ग्राम कुरावन, तहसील शामगढ़
8.	श्रीमती नेहा बालाशंकर धाकड, ग्राम खुंटी, पोस्ट बिल्लोद, तह. मल्हारगढ़
9.	श्रीमती पप्पुबाई दशरथ सुरावत, ग्राम महुवा, तहसील सीतामऊ
10.	श्रीमती प्रतिभा सुरेन्द्र मेंडतवाल, ग्राम बाबुल्दा, तहसील भानपुरा
11.	श्री भुवानीसिंह चन्द्रावत, ग्राम रतनपिपल्या, तहसील मल्हारगढ़
12.	श्रीमती वर्षा दीपक चौहान, ग्राम झार्डा, तहसील मल्हारगढ़
13.	श्री शिवराजसिंह राणा (घटावदा), ग्राम घटावदा, तहसील मंदसौर

(2) नगर पंचायत (नगरीय क्षेत्र से) :—

1.	श्रीमती राधा नन्दवानी, वार्ड क्र. 14 पार्षद, सिनेमा रोड, शामगढ़

महेन्द्र ज्ञानी, कलेक्टर.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला टीकमगढ़, मध्यप्रदेश

टीकमगढ़, दिनांक 3 मई 2010

क्रमांक-रीडर-डीएम-2010-260.—पुलिस अधीक्षक, टीकमगढ़ द्वारा अपने ज्ञाप क्रमांक पु.अ.-टी.-एसी.-पी-1211-2010, दिनांक 14 अप्रैल 2010 द्वारा जिला टीकमगढ़ के निम्नांकित थानों में संलग्न ग्रामों का परिसीमन किए जाने हेतु प्रस्ताव इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :—

क्रमांक	थाने का नाम	वह ग्राम जो कॉलम नंबर (2) में अंकित थाने में वर्तमान में शामिल है	थाना/चौकी का नाम जिसमें कॉलम नं. (3) में दिये गये ग्राम शामिल किये जाना है:
(1)	(2)	(3)	(4)
1	पलेरा	छिदारा	चौकी देरी, थाना कुड़ीला
2	पृथ्वीपुर	मनैथा, कुअरपुरा, मनिया	थाना लिधौरा

(1)	(2)	(3)	(4)
3	निवाड़ी	विनवारा, असाटी	चौकी तरीचरकलां, थाना सेंदरी
4	टीकमगढ़	पातरखेरा, पोटया, जमुनयाखेरा, राधापुर, मातौली, बुड़कीखेरा.	थाना बुड़ेरा
5	टीकमगढ़	सूकवाहा	थाना बड़ागांव
6	बल्देवगढ़	मजना, मजराभाटा, पपावनी, पपावनी कप्तान का मजरा, भरतपुर, गडगर खेरा, जशवंत नगर, कटेरा, पगारा, रानीपुरा, श्याग.	थाना कोतवाली, टीकमगढ़
7	पलेरा	छिदारा, पुरैनिया, दांतगोरा, भदर्रा, किशनपुरा, रामनगर.	चौकी देरी, थाना कुड़ीला

उपरोक्त थानों के ग्रामों को अन्य थाना/चौकियों में सम्मिलित (परिसीमन) किये जाने की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रारंभ की गई हैं. अत: इस सार्वजनिक उद्घोषणा के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रस्तावित कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/व्यक्तियों/संस्था को कोई आपत्ति हो वह लिखित में कारण सहित पंद्रह दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं. अन्यथा वाद गुजरने म्याद किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी एवं प्रस्तावित कार्यवाही को अंतिम रूप दिया जायेगा.

अखिलेश श्रीवास्तव, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी, मुरैना, मध्यप्रदेश

मुरैना, दिनांक 5 मई 2010

क्र. 15-एस.डब्ल्यू.-13-2010.—मध्यप्रदेश शासन, गृह (पुलिस) विभाग, मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-2(क) 115/99/बी-3/दो दिनांक 11 अक्टूबर 2004 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, मैं, एम. के. अग्रवाल, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, मुरैना, जिला मुरैना की जिला समिति की अनुशंसा के आधार पर मुरैना जिले के पुलिस थानों/चौकियों के ग्रामों में निम्नानुसार परिवर्तन करने के आदेश देता हूं, जो निम्नानुसार हैं :—

स. क्र.	ग्राम का नाम	वर्तमान थाने का नाम	परिसीमन के फलस्वरूप प्रस्तावित थाने का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	ग्राम चिन्होटी	चिन्नौनी	सबलगढ़
2	ग्राम जरैना	चिन्नौनी	कैलारस
3	ग्राम अटार	टैंटरा	सबलगढ़
4	ग्राम जरैना मानगढ़	चिन्नौनी	कैलारस
5	ग्राम खिरावली	चिन्नौनी	कैलारस
6	ग्राम किशनगढ़ी	चिन्नौनी	कैलारस
7	ग्राम बधरेंटा	सबलगढ़	कैलारस
8	ग्राम नयागांव	सबलगढ़	कैलारस
9	ग्राम महेला	सबलगढ़	कैलारस
10	ग्राम नगावनी	रामपुर	कैलारस
11	ग्राम डोरावली	रामपुर	कैलारस
12	ग्राम डुमरावली का मौजा निवाजीत	पहाड़गढ़	कैलारस
13	ग्राम खोह	टैंटरा	सबलगढ़

(1)	(2)	(3)	(4)
14	ग्राम जावरौल	टैंटरा	सबलगढ़
15	ग्राम मजेरा	पहाड़गढ़	निरार
16	ग्राम स्याही की टेक	पहाड़गढ़	निरार
17	ग्राम माधौपुरा	पहाड़गढ़	निरार
18	ग्राम देवीपुरा	पहाड़गढ़	निरार
19	ग्राम गुर्जा	पहाड़गढ़	निरार
20	ग्राम ठाटीपुरा	पहाड़गढ़	निरार
21	ग्राम कोरीपुरा	पहाड़गढ़	निरार
22	ग्राम कोटसिरथरा	पहाड़गढ़	निरार
23	ग्राम मट्ठे का पुरा	पहाड़गढ़	निरार
24	ग्राम डमेजर	जौरा	निरार
25	ग्राम परसौटा	जौरा	निरार
26	ग्राम मढ़ी	जौरा	निरार
27	ग्राम डोंगरपुर	जौरा	निरार
28	ग्राम टोडी	जौरा	निरार
29	ग्राम मूड़नपुरा	जौरा	निरार
30	ग्राम झालेपुरा	जौरा	निरार
31	ग्राम कुंअरपुर	जौरा	निरार
32	ग्राम धर्मा का पुरा	निरार	पहाड़गढ़
33	ग्राम जाजीपुरा	निरार	पहाड़गढ़
34	ग्राम रामनगर	निरार	पहाड़गढ़
35	ग्राम मानपुर	निरार	पहाड़गढ़
36	ग्राम अमरई मुलापुरा	निरार	पहाड़गढ़
37	ग्राम सैमना	रामपुर	पहाड़गढ़
38	ग्राम बिलौआ	कैलारस	पहाड़गढ़
39	ग्राम तिलोंजरी	कैलारस	पहाड़गढ़
40	ग्राम खिडौरा	चिन्नौनी	देवगढ़
41	ग्राम मोहनपुरा	चिन्नौनी	देवगढ़
42	ग्राम भीलमपुर	कैलारस	सबलगढ़
43	ग्राम डोंगरपुर	कैलारस	सबलगढ़
44	ग्राम चिनौटी	कैलारस	सबलगढ़
45	ग्राम चिनौटी	कैलारस	सबलगढ़
46	ग्राम अहरौली	कैलारस	चिन्नौनी
47	ग्राम कितौरी बरवासिन	देवगढ़	सरायछौला

एम. के. अग्रवाल, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छतरपुर मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छतरपुर, दिनांक 30 अप्रैल 2010

क्र. 17-अ-82-09-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची पद (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (6) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी.	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
छतरपुर	बिजावर	डारगुंवा	2.686	अनुविभागीय अधिकारी, बिजावर.	डारगुंवा तालाब के बांध तथा नहर निर्माण.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है.—डारगुंवा तालाब नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, बिजावर में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ई. रमेश कुमार, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला नीमच, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

नीमच, दिनांक 30 अप्रैल 2010

क्र. 958-भू-अर्जन-10-प्र. क्र. 1-अ-82-09-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अन्तर्गत संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
नीमच	जावद	केनपुरिया	30.444	कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व विभाग, नीमच.	केनपुरिया तालाब निर्माण योजना.
		अठाना	01.118		
		आसनदरियानाथ	00.760		
		कुल योग . .	32.322		

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर, कार्यालय, नीमच/भू-अर्जन अधिकारी उपखण्ड जावद एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, नीमच के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय गोयल, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सीहोर, दिनांक 3 मई 2010

प्र. क्र. 20-अ-82-09-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का नाम	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील/ अनुभाग	नगर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	रेहटी बुधनी	रेउगांव	3.603	कार्यपालन यंत्री, कोलार परियोजना, रेहटी.	मरदानपुर उद्वहन सिंचाई योजना के तहत नहर हेतु निजी भूमि का अर्जन.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है.—मरदानपुर उद्वहन सिंचाई योजना के तहत निजी भूमि का भू-अर्जन.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, भू-अर्जन अधिकारी, बुधनी में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 22-अ-82-09-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने नं. (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का नाम	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील/ अनुभाग	नगर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	रेहटी बुधनी	मरदानपुर	3.806	कार्यपालन यंत्री, कोलार परियोजना, रेहटी.	मरदानपुर उद्वहन सिंचाई योजना के तहत नहर हेतु निजी भूमि का अर्जन.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है.—मरदानपुर उद्वहन सिंचाई योजना के तहत निजी भूमि का भू-अर्जन.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, भू-अर्जन अधिकारी, बुधनी में किया जा सकता है.

